## सीएम के दौरे को लेकर डीआईजी निमाड़ रेंज व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**बड़वानी।** जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ग्राम मोरतलाई में आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ यादव भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे। महत्वपूर्ण व गरिमामई कार्यक्रम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीआईजी निमाड़ रेंज सिद्धार्थ बहुगुणा एवं एसपी जगदीश डावर ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण किया। डीआईजी निमाड़ रेंज सिद्धार्थ बहुगुणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जी के आगमन अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, नागरिक सुविधा, यातायात प्रबंधन एवं विभागीय समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर समय से उपस्थित रहकर पूर्ण सजगता और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। ड्यूटी में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए कंटिजेंसी प्लान तैयार रखा जाए और सभी व्यवस्थाएं पूर्व परीक्षण के साथ सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी राजपुर आयुष अलावा, एसडीएम पानसेमल रमेश सिसोदिया, तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी खेतिया निरीक्षक सुंदर कनेस, यातायात प्रभारी निरीक्षक विनोद बघेल सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में आज होगा दादा गुरु का आगमन जगह-जगह होगा भव्य स्वागत



**बड़वानी।** नर्मदा मैया के परम भक्त समर्थ सद्गुरु दादा गुरु का गुरूवार को जिले में आगमन होगा। सुबह 9 बजे ठीकरी रोड़ से प्रवेश करेंगे तथा श्री बालाजी हनुमानजी मंदिर पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। गाजों-बाजों के साथ शोभायात्रा के रूप में दादा गुरु एवं उनके भक्तों को प्रवेश कराया जाएगा। इसके बाद बड़वानी की ओर प्रस्थान करेंगे। दादा की अगवानी के लिए जिला मुख्यालय पर भक्तों द्वारा जोरों-शोरों से तैयारियां की जा रही हैं। दादा गुरु के भक्तों ने बताया कि समर्थ सद्गुरु निराहारी दादा गुरु जी महाराज नर्मदा मैया की पैदल परिक्रमा पर निकले हैं। उनके साथ लगभग दो हजार श्रद्धालु नर्मदा परिक्रमा कर रहे है। भक्तों ने बताया कि संत दादा गुरुजी महारज की नर्मदा परिक्रमा पर्यावरण संरक्षण और नर्मदा नदी को बचाने के लिए एक आध्यात्मिक यात्रा है। इस परिक्रमा में दादा गुरु और उनके अनुयायी नर्मदा नदी के किनारे-किनारे चलते हैं। वृक्षारोपण करते हैं और लोगों को नर्मदा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए जागरूक करते हैं।

# 101 किलो अन्नकूट प्रसादी की वितरित

### काल भैरव बाबा की जयंती पर हुआ भव्य आयोजन, प्रात: अभिषेक, श्रृंगार, हवन और महाआरती का किया आयोजन

**निवाली.नगर के पलसूद रोड़ पर शिव टेकड़ी घाट पर स्थित नगर के भैरव बाबा के पुराने मंदिर पर बुधवार को काल भैरव बाबा की जयंती जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।**





शिव टेकड़ी स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी राकेश पंडित ने बताया समय-समय पर शिव टेकड़ी पर स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर, शनि मंदिर, भैरव बाबा का मंदिर पर जन्मोत्सव व अन्य धार्मिक कार्यक्रम जन सहयोग से धूमधाम से मनाए जाते हैं। इस वर्ष भी भैरव मंदिर शिव टेकड़ी घाट पर कालभैरव अष्टमी जन्मोत्सव 12 नवंबर को मनाई। इस अवसर पर प्रात: 9 बजे भगवान श्री कालभैरव बाबा का अभिषेक व श्रृंगार किया एवं 10 बजे हवन पंडित भोला महाराज ने कराने के बाद महाआरती दोपहर 12 बजे व दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक अन्नकूट की प्रसादी वितरण किया गया। अशोक राठौड़ व जेपी कौशल ने बताया कि बाबा को छप्पन प्रकार की सामग्री से निर्मित 101 किलोग्राम अन्नकूट का भोग दोपहर 2 बजे भैरव बाबा को लगाया गया। अन्नकूट का भोग लगाकर प्रसादी वितरण प्रारंभ कर सांयकाल तक किया। गौरतलब है कि भैरव बाबा का पुराना मंदिर छोटा होकर पुजापाठ मे परेशानी होती थी। समयानुसार प्रजापति समाज एवं नगर के जनसहयोग से पुराने मंदिर के पास नव निर्माणाधीन मंदिर में पुराने मंदिर की भैरव बाबा व अन्य प्रतिभाओं को नए मंदिर में स्थान्तरित कर दिया जाएगा। नव निर्माणाधीन मंदिर पूर्णता की ओर है।

**प्रसादी का वितरण**

- धूमधाम से मनाई काल भैरव बाबा की जयंती।
- महाआरती के बाद अन्नकूट प्रसादी वितरित की गई।

## आज गुल रहेगी बिजली

**बड़वानी।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री ने बताया कि 13 नवम्बर को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 11 केव्ही आमल्यापानी फिडर एवं बड़गांव फिडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। जिस कारण शहर के न्यू हाउसिंग बोर्ड, डीआरपी लाईन, पानवाड़ी, दशहरा मैदान सहित अन्य क्षेत्रों में विद्युत सप्लाय बंद रहेगी।

## पिपलेश्वर महादेव की स्थापना

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर के टाकली रोड़ पर संतोषी माता मंदिर में पीपलेश्वर महादेव सहित शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई।3 दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान शोभायात्रा, हवन पुजन कन्या भोज भोजन प्रसादी के साथ महाआरती कर समापन किया। मुख्य यजमान सेवंती बाई मनोहर प्रजापत, रेखा महेश गोले, दुर्गाबाई राकेश प्रजापति, प्रियंका गोपाल जोशी रहे। जिन्होंने मंत्रोच्चार के साथ हवन पुजन किया।मागीलाल गोले, शिव गोले, पन्नालाल गोले, भारत प्रजापत, सन्तोष गोले, कुंदन गोले, महेश गोले, दोलत प्रजापत, पवन प्रजापत, केलाश प्रजापत, नितेश प्रजापत, डोगर प्रजापत, भोलाराम गोले, दिलीप गोले, अशोक गोले, राजा गोले, कन्यालाल प्रजापत, अकलेश गोले, मोहन प्रजापत, जगदीश प्रजापत, शेखर जिसमें मंदिर समिति सदस्य मनोहर प्रजापत, लोकेश, गोले, विक्की गोले, सोनू गोले, चंद्रशेखर गोले, ललित गोले, मुकेश गोले, छोटू प्रजापत, केसरीमल गोले, सतीश गोले, प्रविनगोले, सन्दीप प्रजापत, पारस गोले, कमल प्रजापत, महेंद्र गोले, पिन्टिया, राहुल चेतन, लक्की, किष्णा, राहुल, सुनिल, रोहन, हिमान्शू, भावेस, जययु, पियु, आश्रय, रिषभ, अछू, विकाश, रोहीत, आयुश, हर्ष, मनोज गोले, जीतू गोले का सहयोग रहा। भोजन प्रसादी में करीब 6000 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की है।



## अज्ञात महिला का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



**बड़वानी,( नवभारत )।** जलसा होटल के पास कुक्षी बायपास रोड़ पर मंगलवार अज्ञात महिला करीब 70-80 साल का शव शाम 6.40 बजे के मिला। प्रधान आरक्षक रामचन्द्र खोडे ने बताया कि शव को निजी वाहन से जिला अस्पताल लाएं। जहां पीएम रुम में रखवाया है। शव का चेहरा अंडाकार, सीर के बाल सफेद हैं। शरीर के अंदर वाले भाग पर खाकी कलर का स्वेटर व बाहरी भाग पर हाफ अस्तिन का गाऊन पहने हुए हैं। कानों में चांदी जैसे झुमके, दोनों हाथों मे चार-चार चांदी जैसे कंगन व पैरों में चांदी जैसी कड़ी पहनी है। पुलिस ने मर्ग क्रं. 107/2025 बीएनएसएस की धारा 194 में दर्ज किया है। किसी को कोई जानकारी मिले तो मोबाईल नं. 8827823385 व 07290-222044 थाने को सूचना करने का कष्ट करे। साथ ही डीसीबी शाखा प्रभारी, प्रभारी रेडियो एवं थाना प्रभारी बड़वानी, धार एवं जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में भी जानकारी दे सकते हैं।

**एक नजर में** — ग्राम ओसवाड़ा के ग्रामीणों ने योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के लगाए आरोप

## समस्याओं को लेकर जपं कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 13 नवम्बर**

जनपद के ग्राम पंचायत ओसवाड़ा के तहत आने वाले ग्राम चिखलदा में समस्याओं को लेकर ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। ग्राम में निर्माण कार्यों की राशि निकलने के बाद भी कार्य नहीं करने के आरोप जिम्मेदारों पर लगाए हैं। जिसकी जांच के लिए उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को आवेदन भी सौंपा था। जिसके बाद उन्होंने बड़वानी जाकर कलेक्टोरेट जनसुनवाई में भी आवेदन सौंपा है।



ग्रामीणों के अनुसार ग्राम में शासकीय गौशाला निर्माण हुआ, लेकिन उसके बाद सुचारू रूप से संचालन नहीं हो पाया है। इस बारे में जनपद पंचायत कार्यालय एवं पशु चिकित्सक डॉक्टर इंदरसिंह दोहरे से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा गौशाला निर्माण कराया गया। गौशाला संचालन के लिए गौशाला का पंजीयन जरूरी है, जिसके बाद आवारा या दान दिए हुए या जब्तशुदा पशुओं को रखकर संचालन किया जा सकता है। गौशाला में पशुओं का उपचार पशु चिकित्सालय द्वारा किया जाएगा।

वहीं इस पूरे मामले को लेकर ग्राम पंचायत सचिव रामदास तमखाने ने बताया कि खेत तालाब की राशि संबंधित हितग्राही के खाते में आती हैं और उनके द्वारा दिए गए जॉब कार्ड के खातों में जमा की जाती है। वृक्षारोपण को लेकर उन्होंने बताया कि खेल मैदान के पास वृक्षारोपण किया गया है। अन्य कार्य जो शेष हैं, उन्हें भी कराया जाएगा।

### दिलाया जाएगा लाभ

पीएम आवास योजना को लेकर उनका कहना है कि जिन हितग्राहियों का सर्वे किया जा चुका है। उन्हें योजना में लाभ देने के लिए प्रक्रिया में लिया है। जिनका पीएम आवास शेष है उनका भी सर्वे कराकर योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

**एक नजर में**

## घर का ताला तोड़कर उड़ाए चांदी के हार व साइकिल

इंदौर . जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया . बदमाश घर से चांदी के दो हार और एक गियर वाली साइकिल चुराकर फरार हो गए . थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि 47 वर्षीय फरियादी परवेज खान निवासी 37, बुकब्रांड कॉलोनी, माणिकबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सैफीनगर कॉलोनी स्थित उनके मकान में अज्ञात बदमाश रात्रि के समय घुसे और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से दो चांदी के हार व एक साइकिल चोरी कर ले गए . जूनी इंदौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है .

## ज्वेलरी शॉप से महिला उड़ा ले गई एक लाख का कड़ा

**इंदौर .** सराफा बाजार में एक महिला ग्राहक सोने के कड़े देखने के बहाने दुकान से एक लाख रुपए से अधिक कीमत का कड़ा चोरी कर ले गई . घटना की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अज्ञात महिला की तलाश शुरू कर दी है . थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि 58 वर्षीय फरियादी सुनील कपूर निवासी 16/9, रेसकोर्स रोड ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि 10 नवंबर की शाम करीब 6 .15 बजे एक महिला अपनी गोद में छोटे बच्चे को लेकर उनकी दुकान पर आई . उसने सोने के कड़े देखने की बात कही . फरियादी ने कड़े का बॉक्स दिखाया, लेकिन महिला ने कहा कि उसे पसंद नहीं आए . कुछ देर बाद जब सुनील कपूर ने बॉक्स दोबारा देखा तो उसमें से एक सोने का कड़ा गायब था . चोरी हुए कड़े की कीमत करीब 1 लाख 5 हजार बताई गई है . सराफा पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## ग्राम मलेंडी में खरगोश का मांस पकाते एक धराया



**महू .** वन विभाग ने मंगलवार को महू रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम मलेंडी स्थित कप्तान के खेत पर छापा मारकर मौके पर जंगली खरगोश का मांस पकाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है . मौके से खरगोश के शेष बचे अंगों तथा फंदे भी बरामद किए हैं, जिनका उपयोग शिकार में किया गया था . डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि वन विभाग की टीम ने यह कार्रवाईमुखबिर से मिली सूचना पर की . आरोपी की पहचान नरेंद्र कोड़िया पिता भूरिया सिंह निवासी देवगढ़, जिला बड़वाह के रूप में की गई है . उसे मौके से हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है . डीएफओ ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है . वन विभाग द्वारा अवैध शिकार के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी .

## ऑनलाइन निवेश के नाम पर महिला से सवा दो लाख ठगे

**इंदौर .** एमजी रोड थाना क्षेत्र में अज्ञात ठगों ने एक महिला से मोबाइल चैनल पर निवेश का लालच देकर सवा दो लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली . पुलिस ने साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है . थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि 60 वर्षीय फरियादिया परविंदर कौर निवासी 25, सिख मोहल्ला ने शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल के माध्यम से उनसे संपर्क किया और चैनल में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने का झांसा दिया . ठग के विश्वास में आकर उन्होंने कुल ढाई लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए . कुछ समय बाद जब न तो उन्हें कोई प्रॉफिट मिला और न ही पैसा वापस हुआ, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ . फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है .

## 8 साल से नहीं मिला पूरा भरण-पोषण, मामला दर्ज

**इंदौर .** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर अदालत के आदेश का पालन न करने की शिकायत दर्ज कराई है . पति ने अदालत द्वारा निर्धारित भरण-पोषण की पूरी राशि नहीं चुकाई थी .

## बदमाश ताला तोड़कर जेवर व नकदी ले उड़े

**ओमेक्स सिटी में दिनदहाड़े चोरी**

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित ओमेक्स सिटी वन में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि 39 वर्षीय फरियादी महेन्द्र सिंह कुशवाह निवासी 1290, हैप्पी होम, ओमेक्स सिटी वन ने बताया कि 7 नवंबर की दोपहर 1 से 2 बजे के बीच वह घर से बाहर गए थे. इसी दौरान अज्ञात आरोपी घर का मुख्य ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ले गए. घटना का पता फरियादी को 10 नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे चला, जब वह घर लौटे और टूटा ताला देखा. सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है.



## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार से बढ़ाया उत्साह**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बेहतर पुलिसिंग और आम नागरिकों को तुरंत न्याय दिलाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की परंपरा पुलिस कमिश्नरेट में जारी है. इसी के चलते पुलिस आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 15 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया.

यह सम्मान साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त कार्यालय पलासिया में आयोजित समारोह में दिया. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे. अधिकारियों ने पुरस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह पहल न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान देती है, बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों को भी अपने दायित्वों के प्रति प्रेरित करती है.

**इन पुलिसकर्मियों को किया गया पुरस्कृत** - पुरस्कृत पुलिसकर्मियों में सउनि रमेश किराड़े और प्रआर बलराम चौहान (थाना राऊ), आरक्षक अमर जाटव (थाना एरोड्रम), प्रआर देवीसिंह मीणा और आर. जैवेंद्र सिंह गुर्जर (थाना परदेशीपुरा), उनि शिवराज सिंह ठाकुर (थाना हीरानगर) व उनि शुभम पांडे (थाना बाणगंगा), आर. गौरव (थाना सराफा), आरक्षक धर्मेंद्र सोनगरा (थाना छत्रीपुरा), उनि नरेंद्र सिंह कुशवाह (यातायात), आर नीलम परमार, आर. नेहा नागदा और आर. चैनसिंह (यातायात शाखा), प्रआर राकेश कायत और आर. गोविंद यादव (अपराध शाखा) शामिल हैं.

## मुस्कान अभियान : बालिकाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**इंदौर.** प्रदेशभर में चल रहे 'मुस्कान अभियान' के तहत तिलक नगर थाना क्षेत्र स्थित सॉफ्ट विजन कॉलेज में पुलिस अधिकारियों ने लगभग 200 बालिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश दिए. कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ हर स्थिति में सजग रहना सिखाना रहा.

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा पूरे प्रदेश में 'मुस्कान अभियान' संचालित किया जा रहा है. इस अभियान के तहत विद्यालयों और कॉलेजों में बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन देने के निर्देश जारी किए गए हैं. इसी कड़ी में मंगलवार को सॉफ्ट विजन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में अति. पुलिस उपायुक्त जोन-2 अमरेंद्र सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई और थाना प्रभारी तिलक नगर मनीष लोधा ने छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक उपाय बताए. अधिकारियों ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर और अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी. साथ ही कॉलेज परिसर में महिला सुरक्षा से संबंधित पेम्फलेट चस्पा किए गए और छात्राओं को भी वितरित किए. कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद कर उनके सवालों के जवाब दिए और कहा कि आत्मरक्षा जागरूकता और तुरंत प्रतिक्रिया ही सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल है.



## पुराने रिश्ते को लेकर महिला को दी धमकी

***आरोपी ने फोटो-वीडियो वायरल करने की दी चेतावनी***

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने पूर्व परिचित महिला को धमकाकर डराने की कोशिश की. आरोपी ने चाकू दिखाकर महिला से कहा कि यदि उसने उससे बात नहीं की तो वह उसके फोटो और वीडियो पति व परिजनों को दिखा देगा.

थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि 28 वर्षीय पीड़िता जयश्री यादव निवासी ऋषि पैलेस, द्वारकापुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पूर्व में विजय चौहान नामक युवक से जान-पहचान थी. दोनों के बीच दोस्ती के चलते वे बातचीत करते और साथ घूमने भी जाते थे. बाद में जयश्री के पति को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने उसे आरोपी से संपर्क न करने की हिदायत दी. इसके बाद आरोपी विजय चौहान पीड़िता के घर पहुंचा और चाकू दिखाकर धमकाने लगा. उसने कहा कि अगर उसने बात नहीं की तो वह दोनों के फोटो और वीडियो उसके पति व परिवारवालों को दिखा देगा. पुलिस ने आरोपी विजय चौहान के खिलाफ धमकाने और डराने-धमकाने से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है.

**अभियान** — पुलिस कमिश्नर ने पहले तीन दिन की समझाइश के बाद लापरवाह पुलिसकर्मियों को नियम पालन करने के दिए थे सख्त निर्देश

## बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर पुलिसकर्मियों के भी कटे चालान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. हेलमेट अनिवार्यता अभियान के तहत अब इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने अपने ही विभाग के नियम तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है. बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले पुलिसकर्मियों के चालान बना दिए गए.**

इंदौर शहर में हेलमेट नियमों के सख्त पालन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब पुलिसकर्मी भी जांच के दायरे में आ गए हैं. मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम, पलासिया पर एक विशेष टीम तैनात की गई, जिसने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले पुलिसकर्मियों के चालान बनाए. वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रमुख चौराहों पर तैनात चेकिंग टीम भी बिना हेलमेट के दोपहिया चलाने वाले पुलिसकर्मियों पर समान रूप से कार्रवाई करे.



दरअसल, बीते चार दिनों से आम नागरिकों के बीच इस अभियान को लेकर नाराजगी थी. सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिनमें कुछ पुलिसकर्मी बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे थे.

### पुलिस कमिश्नर की चेतावनी के बाद सख्ती

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नियम सभी के लिए बराबर हैं. उन्होंने पुलिसकर्मियों को हेलमेट पहनने की सख्त हिदायत दी थी. सख्ती बरतने से पहले तीन दिनों तक पुलिसकर्मियों को समझाइश दी गई, इसके बावजूद कर्मचारियों की लापरवाही जारी रही, तो मंगलवार को एक्शन लिया गया.